प्रेषक,

डा.बी.एम.जोशी,
सचिव, वित्त (बजट),
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2- समस्त मण्डलयायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 20 दिसम्बर, 2013

विषय- कोषागारों में ऑन लाईन बजट आवंटन व्यवस्था के अन्तर्गत सहायता अनुदान सम्बन्धी देयकों के प्रतिहस्ताक्षर एवं मुख्य विकास अधिकारी को विभिन्न योजनाओं हेतु शासन द्वारा आवंटित धनराशि के आहरण हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन।

महोदय,

शासनादेश संख्या-बी-1-1810/दस-2013-एम-53/2013, दिनांक 10 सितम्बर, 2013 द्वारा कोषागारों मे ऑन लाईन बजट आवंटन व्यवस्था लागू किये जाने के फलस्वरूप संस्थाओं/उपक्रमों/निकायों को स्वीकृत अनुदान के देयकों के प्रतिहस्ताक्षर किये जाने तथा मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी को विभिन्न योजनाओं हेतु आवंटित धनराशि के आहरण हेतु डीडीओ कोड संख्या-4181 तथा 4183 का आवंटन किया गया है। उपरोक्त के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों से इस प्रकार की सूचनायें प्राप्त हो रही हैं कि उनके द्वारा विभिन्न संस्थाओं/उपक्रमों/निकायों को स्वीकृत अनुदान के देयकों के प्रतिहस्ताक्षर किये जाने तथा विभागों द्वारा कतिपय योजनाओं के लिये स्वीकृत धनराशि का आवंटन मुख्य विकास अधिकारी को किया जाता है।

2- अत:उपरोक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विभागों द्वारा संस्थाओं/उपक्रमों/निकायों आदि को स्वीकृत सहायता अनुदान के देयकों पर प्रतिहस्ताक्षर हेतु मुख्य विकास अधिकारी को प्राधिकृत किये जाने पर अनुदान के देयकों को प्रतिहस्ताक्षर कर कोषागार से उसके आहरण तथा शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिये स्वीकृत व मुख्य विकास अधिकारी को सीधे आवंटित धनराशि के आहरण हेतु मुख्य विकास अधिकारी को डी.डी.ओ. कोड संख्या-4182 आवंटित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

भवदीय

बी.एम. जोशी
सचिव।

संख्या-बी-1-3458(1)/दस-2013, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ।
2. निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से

लहरी यादव
वित्तीय सलाहकार (बजट)
एवं विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in